# फैमिली हेल्थ सेंटर्स/क्लिनिक्स

## हेल्थकेयर सेवाओं को किफायती बनाना

फाउंडेशन फॉर रिप्रोडक्टिव हेल्थ सर्विसेस इंडिया (एफआरएचएस इंडिया) एमएसआई रिप्रोडक्टिव च्वाइसेस की एक सहयोगी संस्था है। सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगों तक किफायती दरों में सेवाओं की पहुंच बढाने के मकसद से शहरी इलाकों में हमारे क्लिनिक्स को स्थापित किया गया है, जो शहर में रह रहे गरीबों और आस–पास के गांवों से आने वाले क्लाइंट की ज़रूरते पूरा करती हैं। क्योंकि इन क्लिनिक को निजी प्रदाताओं के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की योजना के तहत स्वीकृति दी गई है, इसलिए परिवार नियोजन संबंधी सभी सेवाएं (इंजेक्टेबल के अलावा) मुफ्त हैं। एबोर्शन कराने वाले क्लाइंट से मामूली फीस ली जाती है।

महामारी के समय, कई सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों ने अप्रैल में अपनी क्लिनिकल परिवार नियोजन सेवाएं बंद कर दी। देशबंदी के पहले 15 दिनों के अंदर ही हमारी कुछ क्लिनिक्स को खोला गया एवं सुरक्षित एबोर्शन सेवाएं प्रदान करना दुबारा से शुरू किया गया। साथ ही, हमने सरकार एवं एमएसआई के सभी प्रोटोकोल्स एवं दिशा–निर्देशों का पालन किया एवं अपने क्लाइंट की ज़रूरतों को समझते हुए अपनी सेवाओं की कीमत भी 50% कम कर दी।

## एफआरएचएस इंडिया की कोविड प्रतिक्रिया

कई कारणों से शहर में रह रहे गरीब अक्सर परिवार नियोजन और सुरक्षित एबोर्शन की सेवाओं का लाभ नहीं उठा पाते एवं निजी अस्पतालों में जाना भी उनके लिए अक्सर बहुत महंगा पड़ता है। हमारे क्लिनिक्स क्लाइंट–केंद्रित एवं उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान कर इनकी मदद कर रहे हैं।

जब 25 मार्च, 2020 में देशबंदी की घोषणा की गई, कई सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों ने अपनी क्लिनिकल परिवार नियोजन सेवाएं बंद कर दी। नागरिक समाज संगठनों से मिलकर वकालत करने के बाद, मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेर (MoHFW) ने देशबंदी के दौरान सुरक्षित एबोर्शन को 'आवश्यक सेवा' की सूची में शामिल किया। MoHFW द्वारा प्रकाशित किए गए निर्देशित नोट का पालन करते हुए हमने 7 अप्रैल, 2020 से हमारी क्लिनिक्स की सेवाओं को दुबारा शुरू किया। साथ ही, हमने लोगों से मिले जवाबों के आधार पर एक डेटाबेस प्रकाशित की जिसमें पंजीकृत मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) प्रदाताओं की एक सूची तैयार की गई थी ताकि एबोर्शन कराने वालों को मेडिकल सेवा प्रदान करने वालों के बारे में आसानी से जानकारी मिल सके।

## हमारे क्लिनिक कैसे काम करते हैं?

हमारे अन्य सर्विस डिलीवरी चैनल के जैसे ही, टीम लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों जैसे आशा, एएनएम और स्थानीय हेल्थकेयर प्रदाताओं के संपर्क में रहती है जो एफआरएचएस इंडिया के क्लिनिक में सेवाओं की उपलब्धता के बारे में जागरुकता पैदा करते हैं। स्थानीय सरकारी और प्राइवेट चिकित्सक भी क्लाइंट को हमारे क्लिनिक में भेजते हैं, विशेष रूप से सुरक्षित एबोर्शन और उसके बाद की जाने वाली देखभाल के संबंध में। आमतौर पर इन क्लिनिक को क्लाइंट के घरों के आस–पास या ऐसे स्थान पर बनाया गया है जहाँ सार्वजनिक परिवहन द्वारा आसानी से पहुंचा जा सके।

# क्लिनिक द्वारा दी जाने वाली सेवाएं

**एफआरएचएस इंडिया के क्लिनिक्स परिवार नियोजन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवा संबंधी सभी सुविधाएं प्रदान करते हैं, जिनमें शामिल हैं:**

- महिला नसबंदी –लैप्रोस्कोपिक या मिनी लैप
- पुरुष नसबंदी (नॉन–स्काल्पल वसेक्टॉमी)
- कॉपर टी (5 वर्ष एवं 10 वर्ष)
- आपातकालीन गर्भनिरोधक
- इंजेक्टेबल (डीएमपीए)
- गर्भनिरोधक गोलियां
- कंडोम
- पहली तिमाही में एबोर्शन–दवाईयों द्वारा और सर्जिकल (वैक्यूम ऐस्परेशन) मेथड्स

## हमारी पहुंच

**6** क्लिनिक्स सेवाएं प्रदान कर रही हैं

**78** जिले कवर किए जा रहे हैं

**3** राज्यों में सेवाएं प्रदान की जा रही हैं

## क्लाइंट को उपलब्ध कराई गई सेवाएं

वर्ष 2020 में, हमारे क्लिनिक नेटवर्क ने:

**3,872** महिलाओं को नसबंदी सेवा प्रदान की

**875** महिलाओं को सुरक्षित एबोर्शन सेवा प्रदान की

**447** महिलाओं को कॉपर टी सेवा प्रदान की

**84** महिलाओं को इंजेक्टेबल की सेवा प्रदान की

**54,374** कपल इयर्स ऑफ प्रोटेक्शन

## सेवाओं की गुणवत्ता

**क्लाइंट की सुविधा, सुरक्षा और संतुष्टि**

- क्लिनिकल गवर्नेंस
- तकनीकी क्षमता
- व्यावसायिक मानकों का पालन

01 भारत सरकार और एमएसआई रिप्रोडक्टिव च्वाइसेस क्लिनिकल मानकों के अनुसार सक्षम प्रदाताओं द्वारा सेवाएं प्रदान की जाती है।

02 एमएसआई रिप्रोडक्टिव च्वाइसेस द्वारा वार्षिक गुणवत्ता तकनीकी मूल्यांकन किया जाता है।

03 इन्फेक्शन प्रिवेंशन, मेडिकल इमरजेन्सी मैनेज़मेंट और परामर्श जैसे प्रमुख क्षेत्रों में नियमित रूप से रिफ्रेशर ट्रेनिंग और सहायक पर्यवेक्षण दिया जाता है।

04 टेलीफोन के माध्यम से सेवा प्रदान करने के 24–36 घंटों के भीतर क्लाइंट के हाल की समीक्षा की जाती है और उनकी संतुष्टि का स्तर पता करने के लिए वार्षिक क्लाइंट एग्ज़िट सर्वे कराए जाते हैं।

05 टीम के सभी सदस्यों का वार्षिक योग्यता आंकलन होता है।

06 राष्ट्रीय और राजकीय चिकित्सा सलाहकार टीमें, गुणवत्ता मानकों की समीक्षा करती हैं, ट्रेनिंग आयोजित करती हैं और जटिलता प्रबंधन पर नज़र रखती है।

अधिक जानकारी के लिए, संपर्क करें: info@frhsi.org.in
मुख्यालय: बी–37, गुलमोहर पार्क, नई दिल्ली – 110049 | फोन: +91 11 49840000 | वेबसाइट: www.frhsi.org.in
हमें फॉलो करें: @FoundationforReproHealthServicesIndia | Foundation for Reproductive Health Services India